Daily Current Affairs 29 October 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. 24 अक्टूबर मनाया गया विश्व पोलियो दिवस
• प्रतिवर्ष 24 अक्टूबर को विश्व पोलियो दिवस मनाया जाता है। पोलियो टीकाकरण और पोलियो उन्मूलन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिये यह दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की शुरुआत एक दशक पहले रोटरी इंटरनेशनल द्वारा पोलियो या पोलियोमाइलाइटिस (Poliomyelitis) के खिलाफ टीका विकसित करने वाली टीम का नेतृत्व करने वाले जोनास साल्क के जन्म दिवस के अवसर पर की गई थी। वैश्विक स्तर पर रोग की स्थिति की निगरानी वैश्विक पोलियो उन्मूलन पहल (Global Polio Eradication Initiative- GPEI) द्वारा की जा रही है।

2. संयुक्त राष्ट्र का 27वाँ जलवायु परिवर्तन सम्मेलन अगले महीने मिस्र में होगा
• 06 से 18 नवंबर, 2022 तक मिस्र के शर्म अल-शेख में संयुक्त राष्ट्र का 27वाँ जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (COP27) आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन अफ्रीका में पाँचवी बार आयोजित होगा। इस सम्मेलन में 200 से अधिक देशों को आमंत्रित किया गया है। इस सम्मेलन का केंद्रीय बिंदु "जलवायु परिवर्तन से महाद्वीप में उत्पन्न हो रहे गंभीर परिणाम" होगा।

3. थुंडी और कदमत समुद्र तटों को मिला ब्लू बीच प्रमाणन
• हाल ही में लक्षद्वीप स्थित थुंडी और कदमत समुद्र तटों को प्रतिष्ठित ब्लू फ्लैग प्रमाणन प्राप्त हुआ है। अब भारत में 12 ब्लू बीच हैं।
• ब्लू बीच क्या है?
• ब्लू बीच प्रमाण पत्र कोपेनहेगन, डेनमार्क स्थित संगठन फाउंडेशन फॉर एनवायरनमेंटल एजुकेशन (एफईई) द्वारा दिया जाता है। यह दुनिया के सबसे स्वच्छ समुद्र तटों को दिया गया एक इको-लेबल है। इस प्रमाण पत्र को प्राप्त करने के लिए समुद्र तटों को लगभग 33 कठोर आवश्यकताओं या मानदंडों को पूरा करना होता है जिसमें पर्यावरण, शैक्षिक, पहुंच और सुरक्षा संबंधी मानदंड शामिल हैं।

4. चीन बॉर्डर के पास भारत और अमेरिका की सेनाएं करेंगी युद्धाभ्यास
• 15 नवंबर से 2 दिसंबर, 2022 तक भारत और अमेरिका की सेनाओं द्वारा बटालियन स्तर के 'युद्ध अभ्यास' (Yudh Abhyas) अभ्यास का आयोजन किया जाएगा। यह अभ्यास चीन सीमा के निकट वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) से क़रीब 100 किलोमीटर दूर उत्तराखंड के औली में किया जाएगा। युद्ध अभ्यास में प्रत्येक देश के लगभग 350 सैनिकों के भाग लेने की उम्मीद है। इसमें पहाड़ों और अत्यधिक ठंडी जलवायु में एकीकृत युद्ध समूहों के साथ-साथ एक एकीकृत निगरानी ग्रिड आदि शामिल होंगे।

5. महाराष्ट्र में नेरल-माथेरान टॉय ट्रेन फिर से हुई शुरू
• महाराष्ट्र के नेरल और माथेरान के बीच चलने वाली टॉय ट्रेन (छोटी ट्रेन) एक बार फिर से शुरू हो गई है। मावल लोकसभा क्षेत्र में ठंड के मौसम में पर्यटन स्थल नेरल-माथेरान के बीच चलने वाली नेरल-माथेरान टॉय ट्रेन (छोटी ट्रेन), जो कि दुर्घटना के कारण बंद कर दी गई थी, फिर से शुरू की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र में नेरल-माथेरान टॉय ट्रेन सेवा फिर से शुरू होने पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

6. संगीता वर्मा भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग की कार्यवाहक अध्यक्ष बनीं

Resultuniraj.co.in

Daily Current Affairs 29 October 2022

• 25 अक्टूबर, 2022 को केंद्र सरकार ने संगीता वर्मा को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI) का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया है। संगीता वर्मा 25 अक्टूबर, 2022 को पूर्णकालिक अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता की सेवानिवृत्ति के बाद 26 अक्टूबर 2022 को कार्यभार संभाला है।
• संगीता वर्मा पहले सीसीआई की सदस्य थीं। वह तीन महीने की अवधि या नियमित अध्यक्ष की नियुक्ति तक या किसी भी अगले आदेश तक, जो भी पहले हो तक पद पर बनी रहेगी। अशोक कुमार गुप्ता ने नवंबर 2018 में सीसीआई के अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला था।

7. लद्दाख के सांसद ने लेह से शुरू किया 'मैं भी सुभाष' अभियान
• हाल ही में लद्दाख के सांसद जामयांग सेरिंग नामग्याल ने लेह से 'मैं भी सुभाष' अभियान की शुरुआत की है। 'मैं भी सुभाष' अभियान कार्यक्रमों की एक श्रृंखला है जो संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से नेताजी सुभाष चंद्र बोस आईएनए ट्रस्ट द्वारा आयोजित की जाती है।
• अगले साल 23 जनवरी को नेताजी की 125वीं जयंती के मौके पर 'मैं भी सुभाष' अभियान का आयोजन होने जा रहा है। 'मैं भी सुभाष' अभियान मुंबई और कोलकाता में शुरू हो रहा है। 'मैं भी सुभाष' अभियान का उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम में नेताजी के योगदान के बारे में जागरूकता पैदा करना है।

8. सत्यजीत रे की 'पाथेर पांचाली' को इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ फिल्म क्रिटिक्स ने सर्वकालीन सर्वश्रेष्ठ भारतीय फिल्म घोषित किया
• दुनिया के सबसे महान फिल्मकारों में शुमार सत्यजित रे की आइकोनिक फीचर फिल्म 'पाथेर पांचाली' को इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ फिल्म क्रिटिक्स (FIPRESCI) ने सर्वकालीन सर्वश्रेष्ठ भारतीय फिल्म घोषित किया है। वर्ष 1955 में आई भारतीय सिनेमा की यह ऐतिहासिक फिल्म मुकाबले में सबसे आगे रही और टॉप 10 की लिस्ट में पहला स्थान हासिल किया। 'पाथेर पांचाली' के इस नए माइल स्टोन का ऐलान FIPRESCI की ओर से कराये गये मतदान के बाद किया गया।

9. मध्य प्रदेश से पहले मिस्टर इंडिया बने विनीत शर्मा
• हाल ही में मध्य प्रदेश के विनीत शर्मा ने देश की सबसे बड़ी पुरुष प्रतियोगिता मिस्टर इंडिया का खिताब जीता है। 'रूबरू मिस्टर इंडिया 2022' विजेता विनीत शर्मा मिस्टर इंडिया संगठन के ब्रांड एंबेसडर हैं। देश में सबसे बड़ी पुरुष प्रतियोगिता आयोजित कराने वाली कंपनी रूबरू मिस्टर इंडिया के 18वें संस्करण में जिन लोगों को फाइनलिस्ट के तौर पर सेलेक्ट किया गया था, उनमें विनीत मध्य प्रदेश के अकेले व्यक्ति थे।

10. दुनिया के सबसे गंदे आदमी का 94 वर्ष की उम्र में हुआ निधन
• हाल ही में दशकों तक स्नान न करने वाले दुनिया के सबसे गंदे आदमी अमौ हाजी का निधन हो गया है। ईरान के रहने वाले हाजी 94 साल के थे। हाजी को गंदा इसलिए कहा जाता था, क्योंकि इन्होंने कई दशकों से नहाया नहीं था। ऐसा माना जाता है कि हाजी बीमार होने के डर से नहाने से परहेज करते थे, लेकिन कुछ महीने पहले ही ग्रामीण उन्हें नहलाने के लिए बाथरूम में ले गए थे, लेकिन कुछ समय बाद, वह बीमार पड़ गए और आखिरकार उनका निधन हो गया।

Resultuniraj.co.in